मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 18/06/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --232/2026
18 जून 2026
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==============================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद श्री बैद्यनाथ राम ने की मुलाकात।
==============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड से नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद श्री बैद्यनाथ राम ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने श्री बैद्यनाथ राम को राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने पूर्ण विश्वास जताया कि संसद के उच्च सदन राज्यसभा में झारखंड की जन भावनाओं, जन अपेक्षाओं तथा जनहित एवं विकास से जुड़े मुद्दों को सशक्त रूप से रखने में श्री बैद्यनाथ राम अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद श्री बैद्यनाथ राम ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

मौके पर मंत्री श्री हफीजुल हसन, मंत्री श्री सुदिव्य कुमार, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक श्री मथुरा प्रसाद महतो एवं विधायक श्री उमाकांत रजक उपस्थित रहे।

=============================

#Team PRD(CMO)